# सुधार का हमारा वादा, उद्योग जगत करे बेहतर प्रदर्शन : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा-उद्यमियों में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए होनी चाहिए प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के भविष्य पर भरोसा जताते हुए कहा कि भारत आज सफलता की एक अलग कहानी लिख रहा है। मौजूदा दशक को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में अवसरों की सबसे बड़ी भूमि है।



**देश को बनाना है वैश्विक स्वास्थ्य केंद्र :** मोदी ने कहा कि उनकी सरकार देश को वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने मेडिकल में एक लाख सीटें और जोड़ी हैं जो कि पहले 60,000 ही थीं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में 75,000 से अधिक सीटें और जोड़ी जाएंगी। प्रधानमंत्री ने पर्यटन को बढ़ावा देने का भी उल्लेख किया।

- मोदी ने यह भी कहा कि उनका संकल्प दुनिया भर में हर खाने की मेज पर 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद सुनिश्चित करना है।

भारतीय उद्यमियों से सुधार, स्थिर नीति व्यवस्था और उच्च विकास का वादा किया और कहा कि उन्हें भी बदले में नवाचार, बेहतर प्रदर्शन और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए प्रतिबद्धता का वादा करना चाहिए।

प्रधानमंत्री शनिवार को एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश ने लगातार विकास किया है।

पिछले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि भारत की अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एजेंसी